# महिला की निर्मम हत्या, शव के छह टुकड़े कर जमीन में गाड़े

## हत्या का आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आया, जाट समाज में हत्या को लेकर आक्रोश

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में 50 साल की महिला अनीता चौधरी के दोनों हाथ, पैर और गर्दन को काटकर जमीन में गाड़ने की घटना के बाद शहर में दहशत का माहौल है। दूसरी तरफ इस निर्मम हत्या का आरोपी आज भी पुलिस की पकड़ में नहीं आया है। जाट समाज में इस हत्या को लेकर रोष व्याप्त है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि महिला की हत्या प्लानिंग करके की गई। हत्या से पहले घर के बाहर जेसीबी से गड्ढा खुदवाया गया। हत्या के आरोपी गुलामुद्दीन (42) की पत्नी पुलिस हिरासत में है। उससे पूछताछ की जा रही है।

गुलामुद्दीन की पत्नी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर के आगे से ही अनीता के शरीर के टुकड़ों को गड्ढे से बरामद किया तो मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी दंग रह गए। आरोपी की पत्नी ने बताया उसके पति गुलामुद्दीन ने यह गड्ढा 3 दिन पहले ही खुदवा दिया था। मर्डर के बाद अनीता की बॉडी के टुकड़े कर बोरे में भरकर उसी गड्ढे में गाड़ दिया था।

सरदारपुरा थानाधिकारी दिलीप सिंह के अनुसार मृतक अनीता की गुमशुदगी की रिपोर्ट उनके पति मनमोहन चौधरी ने 27 अक्टूबर को दर्ज करवाई थी। इसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने मृतका के ब्यूटी पार्लर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो वह 26 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे एक टैक्सी में अकेली बैठकर जाते नजर आई थी। पुलिस ने उस टैक्सी ड्राइवर का पता लगाकर जानकारी ली। टैक्सी ड्राइवर पुलिस को गंगाना के

- **हत्या के आरोपी गुलामुद्दीन की पत्नी पुलिस हिरासत में, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है**

उस घर के आगे ले गया, जहां उसने अनीता को छोड़ा था। वह घर अनीता की दुकान के सामने दुकान चलाने वाले गुलामुद्दीन का था। उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस ने गुलामुद्दीन की पत्नी और उसके परिवार के लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो शव का पता चल गया। गुलामुद्दीन की पत्नी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर के सामने ही जेसीबी से गड्ढा खोदकर अनीता के शव को बाहर निकाला। अनीता के दोनों हाथ, पैर और गर्दन को काट कर धड़ से अलग किया था।

मनमोहन ने बताया कि 26 अक्टूबर को उनकी पत्नी अनीता से दोपहर 12 बजे अंतिम बार बात हुई थी। अनीता ने पति से गाड़ी की जरूरत के बारे में पूछा था। दोपहर दो बजे अनीता ने जोधपुर के सरदारपुरा बी रोड पर स्थित ब्यूटी पार्लर की दुकान खोली थी। इसके 10 मिनट बाद ही वह दुकान बंद कर कहीं निकल गई थी। इसके बाद उसका कोई पता नहीं चल पाया था। दूसरे दिन 27 अक्टूबर को पति ने थाने में उसकी मिसिंग रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मनमोहन ने बताया कि गुलामुद्दीन की दुकान और उनकी पत्नी का ब्यूटी पार्लर सरदारपुरा बी रोड पर आमने-सामने हैं। करीब 25 सालों से वह लोग दुकान चला रहे हैं। अनीता को गुलामुद्दीन बहन मानता था और बहन कहकर ही बुलाता था।

पुलिस ने आज नया खुलासा किया है। फरार आरोपी ने पत्नी के साथ मिलकर प्री-प्लान तरीके से वारदात को अंजाम दिया था। साजिश के तहत महिला को अपने घर बुलाया। इसके बाद बेहोशी की दवा मिलाकर शर्बत पिलाया। बेहोश होने के बाद हत्या की और मीट काटने वाले चाकू से शव के टुकड़े-टुकड़े कर बोरे में भर दिए। इसके बाद अपने घर के बाहर खोदे गए करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में बोरों को दबा दिया। बदबू नहीं आए इसके लिए गड्ढे में इत्र भी छिड़का। फिलहाल आरोपी पकड़ा नहीं जा सका है। उसकी पत्नी से पूछताछ की जा रही है।

# बोलेरो ने बाइक को टक्कर मारी, चाचा-भतीजे की मौत

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के कालू थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हो गई। वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बाइक और पिकअप की आमने-सामने टक्कर से हुआ। बाइक पर सवार तीन जने घायल हुए, जिनमें दो को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

कालू पुलिस को लूणकरनसर निवासी राकेश बाजीगर ने बताया कि उसके बेटे रोहित, संदीप और भतीजे सहीराम का बेटा विक्की बाइक पर पूनरासर बालाजी मंदिर गए थे। ढाणी से करीब तीन किलोमीटर दूर

- **गंभीर रूप से एक घायल संदीप को पीबीएम अस्पताल रैफर किया, हालत नाजुक बनी हुई है**

सहजरासर गांव की तरफ पहुंचे तो सामने से एक बोलेरो कैम्पर गाड़ी ने जबरदस्त टक्कर मार दी। बोलेरो चालक ने तेज व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए इस हादसे को अंजाम दिया। तीनों को गंभीर हालत में समाजसेवी संस्था टाइगर फोर्स के महिपाल सिंह और उनकी टीम अस्पताल लेकर पहुंची। अस्पताल में डॉक्टर ने विक्की व रोहित को मृत घोषित कर दिया।

गंभीर रूप से घायल संदीप को पीबीएम अस्पताल के लिए रैफर कर दिया, जहां ट्रोमा सेंटर में उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना के बाद विक्की और रोहित के शव लूणकरनसर अस्पताल की मोर्चरी में रख दिए गए हैं। राकेश ने हादसे के लिए बोलेरो कैम्पर के चालक को दोषी बताते हुए कार्रवाई की मांग करते हुए कालू थाने में मामला दर्ज कराया है।

# जुआ खेलते हुए छह गिरफ्तार

**नोखा,** (निसं)। दीपावली पर जुआ खेलते हुए 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनसे 16 हजार रुपए की राशि जब्त की गई है। जसरासर पुलिस ने कार्रवाई कर जुआरियों को गिरफ्तार किया है।

जसरासर थानाधिकारी रामावतार ने बताया कि जसरासर पुलिस दीपावली पर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार गश्त कर रही थी। इस दौरान जसरासर निवासी सुंदरलाल जाट, कालूराम मेघवाल, दुर्गाराम जाट, पूनमचंद जाट, ब्रजलाल जाट, सुंदरलाल मेघवाल को ताश के पत्तों पर पैसों का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है, जिनसे कुल जुआ राशि 16730 को जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में जसरासर थानाधिकारी रामावतार, कानि. रामेश्वरलाल, दीपाराम, हरिनाथ, दिनेश, मुकेश शामिल रहे।

# गोवंश भरा ट्रेलर पकड़ा, 60 से अधिक गोवंश मुक्त कराये

## गोरक्षा दल ने दो गोतस्करों को दबोचकर पुलिस के सुपुर्द किया

**मालपुरा,** (निसं)। गोरक्षा दल मालपुरा, टोंक व सांगानेर सहित अन्य टीमों ने मुखबीर की सूचना पर 60 किलोमीटर गोतस्करों का पीछा कर फागी थाना क्षैत्र के चकवाडा गांव के पास गोवंश से भरे ट्रेलर को पकड़ा। वहीं दो गोतस्करों को दबोच 60 से अधिक

- **फागी थाना क्षैत्र के चकवाडा गांव के पास सड़क पर नुकेले कांटों का जाल बिछाका ट्रेलर को रोका**
- **गोरक्षा दल मालपुरा, टोंक व सांगानेर सहित अन्य टीमों ने 60 किमी तक गोतस्करों का पीछा किया**

गौवंश को मुक्त कराया।

गोरक्षकों ने बताया कि शुक्रवार की रात डिग्गी थाना क्षैत्र से गौकसी के



गोतस्करी करते दो गोतस्कर को दबोचा।

लिये गोतस्करी होने की मिली सुचना पर उन्होने अपने अन्य साथियो के साथ जाल बिछा तकरीबन 60 किलोमीटर तक पीछाकर गोवंश से भरे ट्रेलर को रोकने का प्रयास किया लेकिन गोतस्करों द्वारा तीव्र गति से ट्रेलर को दौड़ाते हुये कई बार गोरक्षको पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन गोरक्षक ट्रेलर का पीछा करते रहे। अंत में फागी थाना क्षैत्र के चकवाडा गांव के पास सड़क पर नुकेले कांटों का जाल बिछाकी ट्रेलर को रोकने में सफलता हासिल की।

त्वरित कार्रवाई करते हुये ट्रेलर को पकड़कर ट्रेलर में सवार दो गोतस्कर भीलवाडा निवासी इरफान व सोनू खान को दबोच फागी थाना पुलिस को मामले की सूचना दी गई। शनिवार की अलसवेरे तकरीबन तीन बजे के आसपास मौके पर पहुंचे थाना अधिकारी मनोज बेरवाल व उनकी टीम ने दोनों गोतस्करों को व ट्रेलर को पुलिस सुरक्षा में ले दोनों के विरूद्ध गोतस्करी का मामला दर्ज किया। ट्रेलर मे भरे गोवंश को मुक्त कराकर गोशाला में सुरक्षित छोडा गया। थानाधिकारी ने बताया कि ट्रेलर में सवार एक अन्य गोतस्कर मौके से भागने मे सफल रहा, जिसकी तलाश के लिये टीमें जुटी हुई हैं।

# लेपर्ड ने हमला कर युवक को घायल किया, ग्रामीणों में दहशत

## हमले की वजह से ग्रामीण लाठियां लेकर झुंड में अपनी रक्षा कर रहे हैं

**पुष्कर,** (निसं)। लेपर्ड ने हमला करके एक युवक को घायल कर दिया। पुलिस, वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हमले की वजह से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, लोग लाठियां लेकर झुंड में अपनी रक्षा कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पुष्कर के गनाहेड़ा गांव में स्थित शामलों की ढाणी में दोपहर में लेपर्ड ने एक युवक पर अटैक कर दिया। घटना से डेढ़ घंटे

- **सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम लेपर्ड को रेस्क्यू करने का प्रयास कर रही है**

पहले गांव के रास्ते में लेपर्ड को देखा गया था जो खेत में बने एक पानी के पौंड में गिरने के बाद निकलकर गांव की तरफ चला गया था। घटना से लोगों में दशहत का माहोल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा वन विभाग को मामले की सूचना दी गई। गनाहेड़ा गांव के महावीर सिंह रावत ने बताया कि शनिवार दोपहर 1:50 पर लेपर्ड को देखा गया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर लेपर्ड खेत के रास्ते भागता हुआ गनाहेड़ा गांव की तरफ चला गया, जिसका वीडियो भी सामने



लेपर्ड आने की सूचना पर पुष्कर थाना अधिकारी एवं वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

आया है। लेपर्ड के मूवमेंट के बाद गांव में दहशत का माहौल है। सूचना के बाद ग्रामीण एकजुट होकर लेपर्ड को क्षेत्र से भागने के लिए लाठियां लेकर बाहर आ गए। इस दौरान लेपर्ड ने एक युवक ब्रह्मा सिंह रावत (33) पर हमला दिया। इसके बाद लेपर्ड सामला की ढाणी की तरफ भाग गया। सूचना के बाद पहुंची वन विभाग की टीम रेस्क्यू करने का प्रयास कर रही है। मौके पर सीआई घनश्याम सिंह राठौड़ मय पुलिस जाप्ता और वन विभाग के सौरभ जैन सहित काफी संख्या में ग्रामीण डंडे लेकर खेतों पर खेतों में लेपर्ड को रेस्क्यू करने में जुट हुए हैं। इससे पहले पुष्कर के गुडंबा पहाड़ी के निकट लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया था।

अरावली पर्वतमाला की श्रृंखला से घिरा पुष्कर वन्यजीवों का विचरण रहता है, जिसके चलते पुष्कर की पहाड़ियों में अक्सर लेपर्ड के अलावा अन्य जानवरों का मूवमेंट देखा जाता है। शामला की ढाणी निवासी बीरम रावत पर लेपर्ड ने हमला कर दिया जिसकी वजह से उसके मुंह पर हल्की चोट आई है, बिरम सिंह को पुष्कर के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

# हत्या के आरोप में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ के रीड़ी में अपने ही चाचा की हत्या करने वाले भतीजों और भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के इस मामले में पुलिस ने तीन जनों को गिरफ्तार किया है।

श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी इंद्रकुमार ने बताया कि गांव रीड़ी में भाई की हत्या करने वाले भाई व दो भतीजों को

- **आपसी विवाद के चलते भाई और भतीजों ने चाचा पर हमला किया था**

गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को रीड़ी में देवाराम की हत्या के आरोप में उसके भाई किशनलाल व उसके दो बेटे 19 वर्षीय जितेन्द्र भार्गव व 21 वर्षीय करण भार्गव को गिरफ्तार कर लिया गया। मृतक के भाई रूपाराम ने भाई और भतीजों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने उसी समय इनको हिरासत में ले लिया था लेकिन गिरफ्तारी बुधवार रात हो सकी। आपसी विवाद को लेकर मंगलवार को चाचा-भतीजा और भाई-भाई आमने-सामने हो गए थे। आरोप है कि इस दौरान भतीजों ने मिलकर चाचा पर अंधाधुंध वार किए। जिससे देवाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

# सड़क पर कार का बैलेंस बिगड़ा, महिला की मौत

## हादसे में दो अन्य गंभीर रूप से घायल, पीबीएम हॉस्पिटल रैफर किया

**बीकानेर,** (निसं)। भारतमाला रोड पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कालू थाना क्षेत्र से गुजरने वाली भारतमाला सड़क पर एक वाहन गड्ढे के कारण असंतुलित हो गया। इससे एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीबीएम हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर में रैफर किया गया है। मृतका का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया। ये परिवार गुजरात के राजकोट से अमृतसर जा रहा था, इसी बीच बीकानेर में हादसा हो गया।

राजकोट के मोरबी रोड पर रहने वाले निकुंज भाई ने पुलिस को बताया कि वह राजकोट से अमृतसर जा रहे थे।

- **परिवार गुजरात के राजकोट से अमृतसर जा रहा था, बीकानेर में हादसा हुआ**
- **घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद कालू पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली**

इस बीच अचानक गड्ढा आने से उनकी कार पलट गई। कार में सवार पायल पत्नी जयदीप की मौत हो गई। कार में पायल के अलावा उसके पति जयदीप भाई ओर पूजा बेन पत्नी निकुंज भाई थे। ये चारों साथ में घूमने के लिए अमृतसर जा रहे थे। कार भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद कालू पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। भारतमाला सड़क पर हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। कई बार यहां वाहनों के बीच सड़क पर खड़े होने की स्थिति में हादसा होता है। इस बार सड़क पर गड्ढा होने के कारण कार पलट गई।

## हादसे में एक मौत

**नोखा,** (निसं)। पांचू थाना क्षेत्र के किशनासर गांव की पुलिया के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक घायल हो गया।

थानाधिकारी रामकेश मीना ने बताया कि नोखा के हिंयादेसर गांव निवासी भींयाराम मेघवाल (25) और नेमाराम मेघवाल (30) दीपावली के त्योहार पर अपने परिचितों से मिलने बाइक से पांचू गांव जा रहे थे।

इस दौरान किशनासर गांव की पुलिया के पास कार सवार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। जिन्हें आसपास के लोगों ने नोखा के जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर भींयाराम मेघवाल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं नेमाराम मेघवाल को गंभीर हालत में बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पांचू पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव नोखा की जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया, जहां उसका पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। भींयाराम मेघवाल मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था।

# बीमा कंपनी को दावा राशि ब्याज सहित अदा करने का आदेश

**जोधपुर,** (कासं)। स्थाई लोक अदालत जोधपुर महानगर ने बीमा के एक मामले में परिवाद मंजूर करते हुए कहा है कि छोटी मोटी बीमारी से व्यक्ति के ग्रसित होने और बीमा प्रस्तावना प्रपत्र में इन्हें छिपाने के आरोप में बीमा नहीं करने या दावा खारिज करने से तो बीमा व्यवसाय ही चौपट हो जाएगा।

अदालत के अध्यक्ष सुकेश कुमार जैन और सदस्य जेठमल पुरोहित तथा माणकलाल चांडक ने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को दावा राशि 51 लाख 23 हजार 574 रुपए मय 8 फीसदी ब्याज और परिवाद व्यय पांच हजार रूपए दो माह में अदा करने के निर्देश दिए अन्यथा 8 फीसदी अतिरिक्त ब्याज अदा करना होगा। जानकारी के अनुसार रीना राजेश मेहता ने अधिवक्ता अनिल भंडारी के माध्यम से परिवाद दायर कर कहा कि उनके पति ने एक्सिस बैंक से अक्टूबर 2020 में आवासीय ऋण

- **स्थाई लोक अदालत जोधपुर महानगर ने बीमा के एक मामले में परिवाद मंजूर किया**

लिया, जिसके एवज में मैक्स लाइफ इंश्योरेंस से 56 लाख 72 हजार 353 रुपए की जीवन बीमा पॉलिसी ली। 16 अक्टूबर 2021 को उनके कोकिला बेन अस्पताल में सीने में गांठ का ऑपरेशन हुआ और बाद में एम्स अस्पताल जोधपुर में उनका 18 नवंबर को निधन हो गया। इसके बाद बीमा राशि अदा करने की बात आई तो बीमा कंपनी ने उनका दावा यह कहकर खारिज कर दिया कि उनके पति वर्ष 2018 में पेट में अल्सर की वजह से एक दिन के लिए भर्ती हुए थे और यह बीमारी उन्हें 2010 से थी, लेकिन बीमा करवाते वक्त उन्होंने प्रस्तावना प्रपत्र में इसे छुपाया था। अधिवक्ता भंडारी ने बहस करते हुए कहा कि जीवन में सामान्य बीमारियां जैसे रक्तचाप,मधुमेह,पेट संबंधी बीमारी व्यक्ति को अनेक बार होती है और कई छोटी मोटी बीमारी व्यक्ति को याद भी नहीं रहती है। उन्होंने कहा कि बीमाधारी की मृत्यु पेट में अल्सर या गैस की वजह से नहीं हुई है, इसलिए बीमा कंपनी का कथन मान्य योग। नहीं है। अत::परिवाद मंजूर किया जाए। बीमा कंपनी की ओर से कहा गया कि मृत्यु चाहे कोई कारण से हो, लेकिन प्रस्तावना प्रपत्र में बीमारी घोषित नहीं करना ही दावा खारिज किए जाने का पर्याप्त आधार है।

स्थाई लोक अदालत ने परिवाद मंजूर करते हुए कहा कि जानलेवा बीमारी जैस कैंसर, किडनी, हृदय रोग या लीवर बीमारी होने पर यह बीमारी छिपाई जाती है तो जानबूझकर या कपटपूर्वक कार्रवाई मानी जाएगी और इस आधार पर दावा खारिज किया जाना समझ में आता है, लेकिन छोटी मोटी बीमारियों से ग्रसित होने से बीमा कंपनी दावा खारिज करने लगी या बीमा करने से इनकार कर देगी तो बीमा व्यवसाय ही चौपट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बीमाधारी को पेट में गैस या पाचन तंत्र की सामान्य बीमारी पूर्व में थी, जो कि जानलेवा बीमारी नहीं थी बल्कि उनकी मृत्यु अन्य रोग से हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसे में दावा राशि में 10 फीसदी कटौती हो सकती है। उन्होंने इंश्योरेंस कंपनी को निर्देश दिया कि दो माह में 51 लाख 23 हजार 574 रुपए मय 8 फीसदी ब्याज और परिवाद व्यय पांच हजार रुपए बकाया किस्त के एक्सिस बैंक को अदा करें और शेष राशि परिवादी को भुगतान करें। दो माह में अदा नहीं करने पर बीमा कंपनी को 8 फीसदी अतिरिक्त ब्याज भी देना होगा।

# दीपावली पर 72 घंटों में जोधपुर में 130 जगह पर आग लगी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर और इसके आसपास के इलाकों में दिवाली के चलते पिछले 72 घंटों में शहर और आसपास 130 जगहों पर आगजनी की घटनाएं हुई। इस दौरान दमकलें दौड़ती रही। कुछेक स्थानों पर बड़ी आग लगी बाकी स्थानों पर कचरा जलने के साथ खाली प्लॉटों एवं खेतों में आग लगी। दमकल कर्मचारियों ने अपनी सजगता से आग को काबू पाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। शहर में गुजरी रात कार बाजार में भीषण आग लगी, दस से ज्यादा दमकल की गाड़ियां आग को काबू पाने जुटी। प्रथमदृष्टया आग लगने का कारण आतिशबाजी ही सामने आया है। कोई मुकदमा या प्रकरण पुलिस में इस संबंध में आज दोपहर तक दर्ज नहीं कराया गया है।

शहर में 29 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर के बीच तीन दिन तक दिवाली की धूम रही। 1 नवंबर को भी शहर में दिवाली मनाई गई। शहर आतिशबाजी से गूंज रहा था तो साथ ही कई स्थानों पर पटाखों की चिंगारियां आग में बदल रही थी। तीन दिनों के बीच में शहर और इसके आसपास 130 जगहों पर आगजनी की घटनाएं दमकल विभाग की तरफ से बताई गई है। हालांकि बड़ी आगजनी की जानकारी कुछेक स्थानों पर ही हुई है। फायर ऑफिसर प्रशांत सिंह के अनुसार पांच सात जगहों पर बड़ी आग थी, जोकि समय रहते काबू कर ली गई। बाकी ज्यादातर स्थानों पर कचरा, खाली प्लाट्स और खेतों खलिहानों में सूखे चारे में आग लगी थी।

**पटाखों से रुई की गांठें जली :-** श्रीगंगानगर शहर में शुक्रवार रात हुई आतिशबाजी से इंदिरा चौक के पास एक गोदाम में रखी रुई की गांठें जल गई। आतिशबाजी शुक्रवार देर रात किसी समय गोदाम में गिरी। उस समय गोदाम में कोई भी व्यक्ति नहीं होने से हादसे का पता नहीं लगा। शुक्रवार रात से लगातार गांठे सुलगने से गोदाम में धुआं भर गया। इससे दुकान का प्लास्टर उखड़ गया। इससे हुई आवाज से लोगों को शनिवार को सुबह करीब ग्यारह बजे वारदात का पता लगा। इस पर उन्होंने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लियाा।

इंदिरा चौक पर बने इस गोदाम की बिल्डिंग काफी जर्जर हालत में है। गोदाम में धानमंडी की फर्म जगन्नाथ श्री भगवान की रुई की गांठें रखी थी। देर रात किसी समय गोदाम के शटर के नीचे से संभवत: कोई आतिशबाजी इन गांठों पर गिर गई। इससे गांठें सुलगने लगी। सुलगती रुई की गांठों से बनी गैस से छत का प्लास्टर उखड़ गया इससे तेज आवाज हुई तो लोगों का ध्यान इस तरफ गया। दुकान से धुआं निकलते देख घटना की जानकारी धानमंडी की फर्म के संचालकों और फायर ब्रिगेड को दी गई। कुछ देर मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। मौके पर मौजूद संचालक फर्म के कर्मचारी केशव शर्मा ने बताया कि गोदाम धानमंडी की फर्म जगन्नाथ श्री भगवान का है।

## बिछड़े बाप-बेटे को मिलवाया

**नोखा,** (निसं)। अपना घर आश्रम नोखा ने बिछड़े हुए एक व्यक्ति को उनके परिजनों से मिलवाया। जोधपुर स्थित अपना घर आश्रम द्वारा राकेश प्रभु को 14 मार्च को जोधपुर के झालामंड चौराहे से रेस्क्यू कर आश्रम में भर्ती किया गया था और उसी दिन उन्हें नोखा आश्रम में स्थानांतरित किया गया। किरण झंवर ने बताया कि भर्ती के समय ये व्यक्ति अपना नाम बताने में असमर्थ था। डॉक्टर एमडी स्वामी की देखरेख में इलाज के बाद व्यक्ति ने अपना नाम राकेश और घर का पता बताया। इस जानकारी के आधार पर उनके बेटे से संपर्क किया गया। बेटे ने पुष्टि करने के लिए वीडियो कॉल की मांग की और पिताजी को पहचानने के बाद कहा कि वह तुरंत नोखा आश्रम आएगा। कुछ समय बाद राकेश प्रभुजी का बेटा सचिन आश्रम पहुंचा और अपने पिताजी को साथ लेकर घर ले गया।

# लिफ्ट के नीचे दबने से युवक की मौत

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। फोटो एलबम की दुकान में लिफ्ट गिरने से उसके नीचे दबे एक युवक की मौत हो गई। युवक लिफ्ट में नीचे की तरफ मोबाइल लेने के लिए गया था। इसी दौरान अचानक लिफ्ट उस पर आ गिरी।

एसएचओ पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि सेतिया कॉलोनी निवासी मनोज कुमार (40) की मौत हुई है। युवक के पिता राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह पी ब्लॉक की रॉयल एलबम शॉप पर काम करता था। बुधवार रात 11 बजे युवक दुकान की सफाई कर रहा था। इसी दौरान उसका मोबाइल उस जगह पर गिर गया, जहां दुकान में लगी लिफ्ट आकर ठहरती थी। युवक जैसे ही मोबाइल लेने के लिए वहां पहुंचा, ऊपर से लिफ्ट उस पर गिर गई। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। एसएचओ पृथ्वीपाल सिंह का कहना है कि इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, दुकान को सीज भी नहीं किया गया। जांच अधिकारी से रिपोर्ट मिलने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। दुकान के पार्टनर कुंदन धामू ने बताया कि संभवत: युवक सफाई या किसी अन्य काम से उस जगह पर गया था, जहां लिफ्ट जाकर ठहरती है। युवक लिफ्ट की आवाज सुन नहीं पाया। यह एक हादसा है। युवक के परिवार में पिता, पत्नी और 2 बेटे हैं। पिता हेल्थ डिपार्टमेंट के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। बड़ा बेटा यश है, जो करीब 13 साल का है और 9वीं कक्षा में पढ़ता है। छोटा बेटा खुशहाल 11 साल का है और कक्षा छठी क्लास में पढ़ता है। मनोज का छोटा भाई भी प्राइवेट जॉब करता है।

## 10 किलो गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की आसींद थाना पुलिस ने बस स्टैंड क्षेत्र से अवैध मादक पदार्थ गांजा 10 किलो 840 ग्राम सहित एक जने को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सोपुरा निवासी वर्धा चंद्र गुर्जर पिता मेवाराम गुर्जर उम्र 37 वर्ष को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी हंसपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आसींद क्षेत्र में देर रात्रि पुलिस गश्त के दौरान सोपुरा बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति दो सफेद कट्टे लेकर दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश करने लगा तो पुलिस ने पकड़कर पूछताछ की तो कट्टे में अवैध मादक पदार्थ गांजा 10 किलो 840 ग्राम होना पाया। सोपुरा निवासी वर्धा चंद्र गुर्जर पिता मेवाराम गुर्जर को गिरफ्तार किया।